ANNEXURE 5A

पत्रांक–10/म०–71/07मा०–

बिहार सरकार,

मानव संसाधन विकास विभाग ।

प्रेषक,

अनिल कुमार,

सरकार के उप सचिव ।

सेवा में,

श्री अशोक गांगुली,

अध्यक्ष,

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,

शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेन्टर,

नई दिल्ली–110092 ।

पटना, दिनांक– जुलाई, 08 ।

विषय:– सरस्वती विद्या मंदिर, बक्सर को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सरकारी अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 5-4-2006 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, बक्सर से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात की समीक्षा के आधार पर सरस्वती विद्या मंदिर बक्सर को सी०बी०एस०ई०, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है। समिति की अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत है:–

1– यह विद्यालय भारती शिक्षा समिति, बिहार के अधीन संचालित है। इस समिति में किसी एक कथित परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया ।

2– विद्यालय ने किसी निबंधित सोसाईटी / न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा गैर विद्यालय के ब्रेड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3– समिति के नाम से निबंधन के माध्यम से 2.27 भूमि उपलब्ध है, विद्यालय को पर्याप्त उपस्कर पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं सुविधाएं बोर्ड के मानक के अनुरूप है।

4– विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति समाचार पत्रों में विज्ञापन निकालकर विहित प्रक्रिया द्वारा करने की दावा की गयी है तथा शिक्षकों की नियुक्ति विहित प्रक्रिया के द्वारा किया गया है, परन्तु ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो कि नियुक्ति में विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते

Principal
Saraswati Vidya Mandir
Ahirauli, Buxar

प्रधानाचार्य
सरस्वती विद्या मंदिर
बक्सर

सचिव
सरस्वती विद्या मंदिर
अहिरौली, बक्सर

पारदर्शिता बरती गई हो। विद्यालय में शिक्षक है। सी0बी0एस0ई0, नई 1८ यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की योग्यता प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मापदण्डों के अनुरूप है।

5- विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6- विद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करें इसे सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा ।

विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 5-4-2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है। अपेक्षित शर्तों के अनुसार:-

(I) विद्यालय में क्षमता का 25 प्रतिशत नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों का निःशुल्क किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकलांग बालिकाएँ तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय अधिकतम 60,000/- रुपया प्रतिवर्ष होगी ।

(II) विद्यालय में नर्सरी /के0जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा ।

(III) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी 3 किलोमीटर तक रहेगी ।

(IV) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी ।

8- यद्यपि कि विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया है, फिर भी सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके निर्धारित मापदण्ड के आधार पर [illegible] है।

Principal
Saraswati Vidya Mandir
Ahirauli, Buxar
प्रधानाचार्य
सरस्वती विद्या मंदिर
बक्सर

सचिव
सरस्वती विद्या मंदिर
अहिरौली, बक्सर

के द्वारा अपनी सम्मति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख को प्रोस्पेक्टस एवं वेवसाईट में करना होगा । शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धन रद्द करने की कार्यवाई की जायेगी ।

10- विभागीय पत्रांक 46 दिनांक 18-1-2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों के द्वारा पालन करना होगा ।

11- विद्यालय बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के किसी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा ।

12- उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तथा वर्णित शर्तों के आधार पर तथा सरस्वती विद्या मंदिर, बक्सर को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति दी जाती है ।

अनु0- जि0 शि0 प0 दा0, बक्सर से
प्राप्त जाँच प्रतिवेदन ।

विश्वासभाजन,

ह0/-
( अनिल कुमार )
सरकार के उप सचिव ।

ज्ञापांक- 862 पटना, दिनांक- 30 जुलाई, 08 ।

प्रतिलिपि प्राचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

( अनिल कुमार )
सरकार के उप सचिव ।
30/7/08

सचिव
सरस्वती विद्या मंदिर
अहिरौली, बक्सर

Principal
Saraswati Vidya Mandir
Ahirauli, Buxar